हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(दशम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 1 दिसम्बर, 2015/10 अग्रहायण, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 7

राष्ट्रीय हरित अधिकरण

1078 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के दिशा-निर्देशों की अनुपालना हेतु समय-समय पर शपथ पत्र दाखिल किए हैं; यदि हां, तो उनकी प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) सरकार ने उनकी अनुपालना के लिए क्या-क्या प्रयास किए और कितनी बैठकें एवं पत्राचार किया; उनकी प्रति भी सभा पटल पर रखें?

मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु धनराशि

1079 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 7 नवम्बर, 2015 तक भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में मन्दिरों के जीर्णोद्धार व अन्य कार्य के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा स्वीकृत धनराशि का कार्यों के नाम सहित दें?

धनराशि का आबंटन

1080 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2015 में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए लोक निर्माण व सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को Natural Calamity Relief Fund के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा मण्डलवार दें?

Up- front Money

1081 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में दी गई विद्युत परियोजनाओं से upfront money कब से लेना प्रारम्भ किया गया;

(ख) जिन निजी कम्पनियों द्वारा upfront money जमा की गई है; उनका ब्यौरा नाम व जमा की गई राशि सहित दें;

(ग) सरकार द्वारा इससे प्राप्त धनराशि का कहां-कहां व किन-किन कार्यों के लिए उपयोग किया गया; और

(घ) किन-किन निजी कम्पनियों द्वारा कितना-कितना upfront money जमा करना शेष है; ब्यौरा निजी कम्पनियों के नाम सहित दें?

पर्यटन को बढ़ावा

1082 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं; वर्ष 2013 से दिनांक 7.11.2015 तक सरकार को पर्यटन से कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार द्वारा जिला चम्बा में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा युवाओं को रोज़गार से जोड़ने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

उठाऊ पेयजल योजनाओं हेतु धनराशि

1083 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्ष 2013-14 में प्रदेश में उठाऊ पेयजल योजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) तीसा में पानी की व्यवस्था कब तक कर दी जायेगी; ब्यौरा दें ?

कम दरों पर बिजली उपलब्ध करवाना

1084 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार प्रदेश में उत्पादित पन विद्युत को स्थानीय लोगों को भविष्य में कम दरों पर देने का विचार रखती है;

(ख) सरकार क्या उन लोगों को रोजगार देने पर विचार करेगी जिन लोगों के हाइड्रो पावर प्रोजैक्टों की वजह से अपने पुश्तैनी घराट बंद पड़े हैं; यदि हां, तो ऐसे कितने परिवार हैं जो अपनी रोजी खो चुके हैं; विवरण दें; और

(ग) सरकार Kudhthla स्विचयार्ड से 9 पंचायतों को बिजली कब तक उपलब्ध करवाएगी ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 20 नवम्बर, 2015. **सचिव।**